न्यायालय जिला कलेक्टर, दौसा

पीठासीन अधिकारी :– पीयुष समारिया
आई0ए0एस0

प्रार्थना पत्र सं0 60/2020

1. यूको बैंक रजिस्टर्ड कार्यालय यूको बैंक प्रधान कार्यालय 10 वि0त्रै0म0 सरणी, (ब्रेबोर्न रोड) कोलकाता शाखा कार्यालय नया कटला दौसा 303303 जरिये प्राधिकृत अधिकारी श्री ए0सी0 सक्सेना।

...प्रार्थी

बनाम

1. श्री मुनीर खान पुत्र श्री निवाज खान पताः–मौहल्ला नागोरियॉ, हुसैन काकाजी के मकान के सामने, लालसोट रोड, दौसा–303303।
2. श्रीमती जाहिदा बेगम पत्नि श्री मुनीर खान पताः–मौहल्ला नागोरियॉ, हुसैन काकाजी के मकान के सामने, लालसोट रोड, दौसा–303303।

..... अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अ0धा0 14 वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम– 2002 बंधक सम्पत्ति का कब्जा सुपुर्दगी बाबत।

उपस्थिति : श्री योगेन्द्रसिंह, अधिवक्ता प्रार्थी।

आदेश   दिनांकः 29.10.2020

संक्षिप्त में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी यूको बैंक ने अप्रार्थी/ऋणीगण श्री मुनीर खान पुत्र श्री निवाज खान पताः–मौहल्ला नागोरियॉ, हुसैन काकाजी के मकान के सामने, लालसोट रोड, दौसा व अन्य को 6,00,000/–(रूपये छः लाख) की ऋण सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। ऋण सुविधा उपलब्ध कराते समय ऋणी द्वारा पुनः भुगतान हेतु जमानत प्रतिभूति के रूप में परिसम्पत्ति के रूप में हाईपोथिकेशन किया गया। अप्रार्थी ऋणी द्वारा बैंक का ऋण भुगतान करने में असफल रहने व समय पर ऋण राशि मय ब्याज अदा नहीं करने पर उक्त अधिनियम की धारा 13/2 के अंतर्गत अप्रार्थी ऋणी को रजिस्टर्ड नोटिस जारी किये जाने के बावजूद ऋण राशि मय ब्याज भुगतान नही करने पर प्रार्थी द्वारा अपने पास बतौर जमानत रहन रखी गयी सम्पत्ति का कब्जा प्राप्त हेतु **The securitisation and reconstruction of financial assets and enforcement of the security interest act.2002** की धारा 14 के तहत निवेदन किया है।

अधिवक्ता प्रार्थी यूको बैंक को सुना गया। हमने प्रार्थी यूको बैंक द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया। अप्रार्थीगण ऋणी द्वारा प्रार्थी यूको बैंक को ऋण भुगतान करने में असफल रहने व समय पर ऋण राशि मय ब्याज अदा नहीं करने पर उक्त अधिनियम की धारा 13/2 के अन्तर्गत अप्रार्थी ऋणी को रजिस्टर्ड एवं जरिये समाचार पत्रों नोटिस जारी करने पर ऋण राशि का शर्तो के मुताबिक भुगतान नहीं करने पर **The securitisation and reconstruction of financial assets and enforcement of the security interest act.2002** की धारा 14 प्रदत्त शक्तियों के तहत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं शपथ पत्र के अनुसार बंधक रखी गई सम्पत्ति अप्रार्थी श्री मुनीर खान पुत्र श्री निवाज खान के नाम से आवासीय संपत्ति जो कि वार्ड नं0 16, नागोरियॉ मोहल्ला दौसा, तहसील दौसा, जिला दौसा पर स्थित है। जिसका नगर परिषद, दौसा द्वारा जारी किया गया पट्टा संख्या 77 दिनांक 22.03.2013 एवं कुल क्षेत्रफल 148.22 वर्गगज है। उक्त बंधक रखी गई सम्पत्ति जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी सम्पत्ति के अभिन्न अंग है, का भौतिक रूप से कब्जा प्रार्थी यूको बैंक को, किसी सक्षम न्यायालय का स्थगन आदेश प्रभावी नहीं हो तो, नियमानुसार आवश्यक होने पर पर्याप्त पुलिस बल पुलिस अधीक्षक, दौसा से प्राप्त कर कब्जा प्राप्त करने के आदेश दिये जाते है। पत्रावली फैसल शुमार हो एवं नम्बर से कम हो। आदेश आज दिनांक 29.10.2020 को खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

(पीयुष समारिया)
जिला कलेक्टर,दौसा

जिला कलेक्टर,दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official